**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1752**
**(दिनांक 10.12.2025 को उत्तर देने के लिए)**

## सामुदायिक रेडियो आंदोलन

**1752. श्री करण भूषण सिंहः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) गत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान सहायक सामुदायिक रेडियो आंदोलन के अंतर्गत स्थापित नए सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) की राज्य-वार एवं जिला-वार संख्या, विशेषकर उत्तर प्रदेश में कितनी है;

(ख) गत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राज्य-वार एवं विशेषकर उत्तर प्रदेश के लिए जिला-वार मौजूदा सीआरएस की संख्या कितनी है और वर्ष-वार वितरित धनराशि एवं सहायता के प्रकार का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा वर्ष-वार, राज्य-वार एवं विशेषकर उत्तर प्रदेश में जिला-वार कितने मीडिया-डार्क क्षेत्रों की पहचान की गई है;

(घ) गत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में सहायक सामुदायिक रेडियो आंदोलन के अंतर्गत सहायताप्राप्त हाशिए पर धकेले गए समुदायों के लाभार्थियों, की राज्य-वार विशेषकर उत्तर प्रदेश में जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) गत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के लिए प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सहायक सामुदायिक रेडियो आंदोलन के अंतर्गत आपातकालीन अनुदान प्रदान किए गए सीआरएस की राज्य-वार विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के लिए जिला-वार संख्या कितनी है और आपदा की प्रकृति निर्दिष्ट करते हुए तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**
**(डॉ. एल. मुरूगन)**

(क) से (ङ): पिछले पाँच वर्षों के दौरान "सामुदायिक रेडियो अभियान को सहायता" के तहत कुल 212 नए सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) स्थापित किए गए हैं।

इनमें से 35 सीआरएस उत्तर प्रदेश में स्थापित किए गए हैं।

वर्ष-वार एवं राज्य-वार स्थापित सामुदायिक रेडियो स्टेशनों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.mib.gov.in पर उपलब्ध है।

सरकार ने किसी भी क्षेत्र को मीडिया-डार्क के रूप में वर्गीकृत नहीं किया है। पिछले पाँच वर्षों में देश में 31 सीआरएस को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इनमें से 4 सीआरएस उत्तर प्रदेश में स्थित हैं।

पिछले 5 वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान कानपुर, उत्तर प्रदेश और गोपालगंज, बिहार स्थित 2 सीआरएस को आपात अनुदान प्रदान किया गया।

*****